# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र–231216

E-Mail Id-eecdjnsonebhadra@gmail.com CUG Mobile No.- +91 9473941817


पत्रांक 855 / W-16 / 78 दिनांक– 11-05-2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,
सोनभद्र।

विषयः– **दैनिक समाचार पत्र ई–अमर उजाला में दिनांक 15 अप्रैल 2026 को प्रकाशित शीर्षक "सदर विधायक ने चेताया– अफसरों के नक्कारेपन से नही पहुंच रहा घरों तक पानी, नही सुधरे तो छुडवा देंगे बोकला" की आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र ई–अमर उजाला में दिनांक 15 मई 2026 को प्रकाशित शीर्षक **"सदर विधायक ने चेताया– अफसरों के नक्कारेपन से नही पहुंच रहा घरों तक पानी, नही सुधरे तो छुडवा देंगे बोकला"** के सम्बन्ध में आख्या निम्नानुसार है–

उक्त के संदर्भ में सादर अवगत कराना है कि जनपद सोनभद्र में जल जीवन मिशन "हर घर जल" योजनान्तंर्गत 12 नग (09 पैकेज) ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओ का निर्माण कार्य 05 कार्यदायी फर्मो के माध्यम से कराया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत कुल 1281 ग्रामों में पाइप लाइन के माध्यम से जलापूर्ति किया जाना प्रस्तावित है। जनपद में निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 07 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य शत्प्रतिशत पूर्ण करा लिया गया है एवं उक्त प्रस्तावित ग्रामो के सापेक्ष वर्तमान में 440 ग्रामो में जलापूर्ति की जा रही है। शेष 05 पेयजल योजनाओं के 841 नग ग्रामों में पाइप लाइन टेस्टिंग का कार्य प्रगति पर है, जिसको माह अगस्त 2026 तक पूर्ण कर शत्प्रतिशत ग्रामों में जलापूर्ति किया जाना सम्भावित है। जनपद में निर्मित बेलाही एवं नगवां तेन्दुआही पेयजल योजना से जलापूर्ति सम्बन्धित ग्रामों में की जा रही है। योजना पर विद्युत आपूर्ति एवं सड़क चौड़ीकरण, पोल लगाने आदि कारणों से पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो जाती है, जिस कारण ग्रामों मे जलापूर्ति बाधित होती है। उक्ता करणों का पता चलने पर फर्म के माध्यम से मरम्मत कराकर जलापूर्ति प्रारम्भ कराई जाती है। जनपद में कार्यदयी फर्म मेसर्स वी0पी0आर0पी0एल0, जोधपुर द्वारा निर्मित हर्रा पेयजल योजना का स्रोत इण्टेकवेल से दूर चले जाने के कारण जलापूर्ति बाधित हुई है। वर्तमान में सैण्ड ड्रेजिंग एवं अस्थाई चैनेज का निर्माण कार्य फर्म द्वारा कराया जा रहा है। उक्त कार्य पूर्ण होने पर सम्बन्धित ग्रामों में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ किया जाना सम्भावित है।

जनपद सोनभद्र में पेयजल संकट के निवारण हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी एवं विकास खण्ड स्तर पर वार्ता कर पेयजल संकट ग्रस्त ग्रामो में टैंकर के माध्यम से पेयजलापूर्ति किये जाने हेतु योजना तैयार की गयी है। गर्मी के दिनों में पेयजल से सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण हेतु खण्ड स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसमें मो0नं0– 9555407375 व 6392808813 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। कृपया उक्त प्रकरण को निक्षेपित कराने की कृपा करें।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय,

Anil

**(अनिल कुमार)**
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

**प्रतिलिपिः**– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, सोनभद्र।
4. जिला पंचायत राज अधिकारी, सोनभद्र।
5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर।
6. सम्बन्धित परियोजना प्रबन्धक, जल जीवन मिशन, सोनभद्र।

Anil

अधिशासी अभियन्ता

# घरों तक पानी, नहीं सुधरे तो छुड़वा देंगे बोकला; VIDEO

Aman Vishwakarma
Updated Wed, 15 Apr 2026 11:09 PM IST




जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन से जलापूर्ति की स्थिति जिले में बेहद खराब है। जिन गांवों में महीनों पहले पाइप लाइन बिछ चुका है, वहां भी पानी नहीं आ रहा। बुधवार को सदर विधायक भूपेश चौबे ने इसकी समीक्षा में अफसरों के रुख पर कड़ी नाराजगी जताई। एडीएम नमामि गंगे रोहित यादव के साथ कार्यालय में समीक्षा के दौरान उन्होंने कार्यदाई संस्था के अफसरों को स्पष्ट शब्दों में कड़ी हिदायत दी। बैठक के बाद उन्होंने कहा कि अफसरों के नक्कारेपन से गांवों में पानी नहीं पहुंच रहा। अगर नहीं सुधरे तो बोकला (चर्बी) छोड़वा देंगे। विधायक ने सदर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगवां, तेंदुडाही, बेलाही, हर्रा परियोजना से जलापूर्ति की समीक्षा की। इन सभी परियोजनाओं का काम पूरा हो चुका है, बावजूद लगातार पानी न पहुंचने की शिकायत बनी हुई है। समीक्षा बैठक के दौरान अफसरों ने कहीं बिजली की कटौती से जलापूर्ति में व्यवधान को कारण बताया तो कहीं गांवों में चल रहे निर्माण कार्यों की वजह से लीकेज होने की दलील दी। हर्रा परियोजना से जुड़े गांवों में बालू खनन के चलते नदी की धारा बदलने से इंटेकवेल तक ही पानी न आने को कारण बताया गया। विधायक ने अमर उजाला में प्रकाशित गोटीबांध गांव के भलहुनिया टोले तक पानी न पहुंचने की वजह पूछी तो बताया कि इस गांव के लिए बिछी पाइप लाइन चंदौली जिले की सीमा से होकर गुजरी है। पड़ोसी जिले में कार्य के दौरान लीकेज से आपूर्ति बाधित हो रही है। नगवां के ही कई अन्य गांवों में भी लीकेज के कारण पानी न पहुंच पाने की अफसर दलील देते रहे। विधायक ने कहा कि पीएम-सीएम के ड्रीम प्रोजेक्ट वाली इस योजना में लापरवाही कत्तई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए किसी भी हद तक जाएंगे। विधायक ने कहा कि आम जनता के टैक्स का पैसा इस परियोजना में लग रहा है। हर व्यक्ति को पानी चाहिए। सरकार इसके लिए संकल्पित भी है। इसमें जो भी अधिकारी-कर्मचारी व्यवधान बनेगा, उसे कड़ा सबक सिखाया जाएगा। बैठक में प्रभारी एक्सईएन अनिल कुमार मौर्य समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

विज्ञापन